# Duplicate Paint: कमला नगर में एजेंसी पर छापा, नामी कंपनी के नकली पेंट समेत कारोबारी गिरफ्तार



Publish Date:Tue, 23 Mar 2021 05:34 PM (IST)Author: **Tanu Gupta**

*Duplicate Paint पेंट एजेंसी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित संजीव मित्तल को पकड़ा। दुकान से 219 बाल्टी नकली पेंट बरामद एजेंसी की आड़ में बेच रहा था नकली पेंट। असली पेंट के बीच में नकली माल रखता था।*

**आगरा, जागरण संवाददाता।** कमला नगर में कारोबारी नकली एशियन पेंट बाजार में बेच जा रहा था। कारोबारी एशियन पेंट की एजेंसी लेने के बाद उसकी आड़ में असली की जगह नकली माल बाजार में खपा रहा था। शिकायत पर मंगलवार को कमला नगर थाने की पुलिस ने छापा मारकर कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी दुकान से नकली एशियन पेंट की 219 बाल्टी बरामद की हैं। इसके अलावा 170 खाली एशियन पेंट मार्का की बाल्टी बरामद की हैं।

सीओ हरीपर्वत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि एशियन पेंट कंपनी के अधिकारियों को आगरा में नकली माल बेचने की जानकारी मिली थी। कंपनी द्वारा छानबीन करने पर पता चला कि ई-ब्लाक कमला नगर निवासी संजीव मित्तल ने एशियन पेंट की एजेंसी ले रखी है। वहां से नकली पेंट बाजार में बेचा जा रहा है। कंपनी के अधिकारियों ने इसकी शिकायत की थी। मंगलवार को पुलिस ने ई-ब्लाक में दुकान पर छापा मारकर आरोपित संजीव मित्तल को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के पूछताछ करने पर आरोपित संजीव मित्तल ने बताया कि वह एजेंसी की आड़ में नकली पेंट को बाजार में बेच रहा था। उसने कई साल पहले एशियन पेंट की एजेंसी ली थी। वह दिल्ली समेत कई स्थानों से नकली एशियन पेंट की बाल्टी व माल खरीदता था। अधिकांश माल वह निर्माणाधीन मकानों में खपाता था। इसके लिए पेंटरों को अच्छा कमीशन देता था। इससे ज्यादातर पेंटर उसके यहां से ही माल खरीदते थे। सीओ ने बताया आरोपित की दुकान से दस व बीस लीटर वाली 219 बाल्टी नकली एशियन पेंट की बरामद की हैं। इसके साथ ही 170 खाली बाल्टी बरामद की हैं। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**ग्राहकों को 60 फीसद असली और बाकी नकली पेंट**

इंस्पेक्टर कमला नगर थाना नरेंद्र शर्मा ने बताया पूछताछ में आरोपित कारोबारी ने बताया कि वह असली पेंट के बीच में नकली माल रखता था। ग्राहकों को वह 60 फीसद असली और 40 फीसद नकली माल देता था। नकली माल बेचने पर उसे 60 से 65 फीसद तक मुनाफा होता था। जबकि असली पेंट बेचने पर बंधा हुआ कमीशन मिलता था। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से यह काम कर रहा था।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-police-arrested-duplicate-asian-paint-businessman-21491712.html